कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 34/2018 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री नवरंगलाल प्रजापत पुत्र श्री भँवर लाल प्रजापत मार्फत माँ बाला सती लॉ ऐसोसियेट्स रावत शॉपिंग मॉल, दुगड विद्यालय रोड, सरदारशहर, जिला चूरू।

----अपीलार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ।

----प्रत्यार्थी

आदेश

दिनांक--15.06.2018

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ से आवेदन पत्र दिनांक 16.03.2018 द्वारा सूचना मांगी गई। जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ द्वारा समय अवधि के पश्चात भी सूचना उपलब्ध नही करवाई गई। सूचना उपलब्ध करवाने हेतु अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ से पत्र कमांक 2667 दिनांक 13.06.2018 से जबाव हुआ जिसके साथ जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ के पत्र कमांक 07 दिनांक 26.5.2018 की प्रति संलग्न है जिसके अनुसार उनके द्वारा वांछित सूचना अपीलार्थी को भिजवाया जाना पाया गया है। अतः अपीलार्थी की यह अपील उपरोक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official